**प्रसार भारती**
**भारतीय प्रसारण निगम**
**आकाशवाणी केन्द्र शिमला**
**17.10.2024 / प्रादेशिक समाचार / 09.20 बजे**

## मुख्यमंत्री

मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू आज से 4 दिवसीय मंडी, कुल्लू व हमीरपुर जिले के दौरे पर रहेंगे। इस दौरान वे यहां करोड़ों रुपए की विभिन्न विकास परियोजनाओं का उद्घाटन व शिलान्यास करेंगे। मुख्यमंत्री आज मंडी जिले के जोगिंद्र नगर में कई परियोजनाओं के उद्घाटन व शिलान्यास करेंगे। वे इस दौरान लोगों से संवाद भी करेंगे। मुख्यमंत्री कल 18 अक्तूबर को अंतर्राष्ट्रीय कुल्लू दशहरा उत्सव में बतौर मुख्य अतिथि शिरकत करेंगे। इस दौरान मुख्यमंत्री की कुल्लू में विभिन्न देशों के राजदूतों के साथ एक अहम बैठक भी होगी। 19 अक्तूबर को मुख्यमंत्री कुल्लू कार्निवाल के समापन समारोह की अध्यक्षता करेंगे। इसके बाद उनका हमीरपुर जाने का कार्यक्रम है। यहां पर वे हमीरपुर मेडिकल कॉलेज की समीक्षा बैठक में भाग लेंगे। इसके अलावा वे यहां रानीलक्ष्मी बाई की मूर्ति का अनावरण भी करेंगे। मुख्यमंत्री का 20 अक्तूबर को हमीरपुर में विभिन्न समारोह में शिरकत करने बाद शिमला लौटने का कार्यक्रम है।

## हाईकोर्ट

प्रदेश उच्च न्यायालय ने अपने एक अहम निर्णय में कहा है कि छह वर्ष से कम आयु के बच्चे जो पहले ही प्री–स्कूल शैक्षिक पाठ्यक्रम पूरा कर चुके हैं उन्हें राज्य सरकार द्वारा पहली कक्षा में प्रवेश देने से इन्कार नहीं किया जा सकता। मुख्य न्यायाधीश राजीव शकधर और न्यायाधीश सत्येन वैद्य की खंडपीठ ने राष्ट्रीय शिक्षा नीति को लागू करने के मामले में यह फैसला सुनाया। खंडपीठ ने कहा कि किसी भी स्थिति में याचिकाकर्ता छात्रों को कक्षा दोहराने के लिए मजबूर करने से शिक्षा नीति का उददेश्य किसी भी तरह पूरा नहीं होगा। खंडपीठ ने कहा कि राज्य सरकार द्वारा केन्द्र की ओर से 31 मार्च 2021 को जारी सूचना के तहत दिए गए सुझावों को चरणबद्ध तरीके से लागू किया जाना चाहिए।

## वाल्मीकि जयंती

महर्षि वाल्मीकि जयंती आज देशभर में मनाई जा रही है। इसे रामायण के रचयिता महर्षि वाल्मीकि के जन्म दिवस के रूप में मनाया जाता है। महर्षि वाल्मीकि आदि कवि अथवा संस्कृत भाषा के प्रथम कवि के रूप में भी सम्मानित हैं। वाल्मीकि सम्प्रदाय के सदस्य महर्षि वाल्मीकि को ईश्वर का संदेशवाहक मानते हैं और उनके प्रकट दिवस को श्रद्धापूर्वक मनाते हैं। इस अवसर पर शोभा यात्राओं का आयोजन किया जाता है।

इस उपलक्ष्य पर प्रदेश में कई कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। इस कड़ी में मुख्य संसदीय सचिव आशीष बुटेल ने कल पालमपुर के लोहना में एक कार्यक्रम में शिरकत की। महर्षि वाल्मीकि के प्रकटोत्सव की बधाई देते हुए उन्होंने कहा कि महर्षि वाल्मीकि के विचार पूरे विश्व के लिए प्रेरणा स्त्रोत है। शिमला के कृष्णानगर वाल्मीकि मंदिर में कल इस अवसर पर रूमाला अर्पण कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

## कुल्लू दशहरा

कुल्लू में इन दिनों अंर्तराष्ट्रीय दशहरा उत्सव धूम–धाम से मनाया जा रहा है। पांचवीं सांस्कृतिक संध्या में आज गुरनाम भुल्लर व हिमालयन रूटस प्रमुख आर्कषण का केंद्र रहेंगे। इसके अलावा आई.सी.सी.आर. के कलाकार भी अपनी प्रस्तुतियों देंगे। इस बीच कल चौथी सांस्कृतिक संध्या में तकनीकि शिक्षा मंत्री राजेश धर्माणी ने बतौर मुख्य अतिथि शिरकत की। पार्श्व गायिका श्रद्धा पंडित व इंडियन आइडल फेम अनुज शर्मा ने एक से बढ़कर एक प्रस्तुतियां देकर खूब समां बांधा।

इस दौरान ब्राजील, बांगलादेश, किर्गिस्तान, रूस, मिस्र देशों ने प्रस्तुतियां देकर दर्शकों का खूब मंनोरंजन किया और विभिन्न देशों की संस्कृति के माध्यम से विविधता में एकता का संदेश दिया।

## और अब एक नजर अखबारों की सुर्खियां पर

आज समाचार पत्रों ने अलग–अलग खबरों को प्रमुखता दी है।

अमर उजाला की सुर्खी है–**गैस सिलिंडर की तर्ज पर अब बैंक खाते में आएगी बिजली सब्सिडी।** पंजाब केसरी ने मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू के हवाले से सुर्खी दी है–**विदेश म रोजगार पाने वाले युवाओं की ट्रेस एंड ट्रैकिंग करेगी सरकार।** दिव्य हिमाचल का कहना है–**नए शिक्षण संस्थान खोलना नहीं क्वालिटी एजुकेशन देना मकसद।** पंजाब केसरी लिखता है–**न्यायाधीश तरलोक सिंह चौहान होंगे हिमाचल प्रदेश हाईकार्ट के कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश।** दैनिक जागरण की सुर्खी है–**चार प्रतिशत डीए के साथ 28 को खाते में आएगा वेतन।** आपका फैसला का कहना है–**हिमाचल के कर्मियों को तोहफा महंगाई भत्ते की अधिसूचना जारी।** दिव्य हिमाचल लिखता है–**28 को सैलरी– पैंशन संग चार फीसदी डीए के आदेश जारी।**हाई कोर्ट द्वारा राष्ट्रीय शिक्षा नीति में दिए गए एक महत्वपूर्ण फैसले पर दैनिक जागरण व अमर उजाला का एक जैसा शीर्षक है–**छह साल से कम आयु के बच्चों को पहली कक्षा में प्रवेश से नहीं कर सकते इंकार।** दैनिक भास्कर की सुर्खी है–**एच.आर.टी.सी. की बसों में अब 5 किलो तक के वजन के सामान का भी लगेगा किराया।**दैनिक सवेरा टाइम्स ने पूर्व केंद्रीय मंत्री एवं सांसद अनुराग सिंह ठाकुर के हवाले सुर्खी दी है–**भारत संयुक्त राष्ट्र के वित्तीय दायित्वों को करने वाले सात देशों में से एक।** दैनिक भास्कर की एक अन्य ख़बर है–**सेहत पर सेंध–प्रदेश में गोल–गप्पे, एप्पल ,टी समेत 10 खाद्य वस्तुओं के सैंपल फेल।**

——————